# पांच दिवसीय चरित्र निर्माण एवं वैदिक चेतना शिविर के दूसरे दिन का प्रारम्भ हुआ योग एवं प्राणायाम से




**गोहाना, वायरल सच (अनिल जिंदल) :** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,में छात्राओं के लिए आयोजित पांच दिवसीय चरित्र निर्माण एवं वैदिक चेतना शिविर के दूसरे दिन का प्रारम्भ योग एवं प्राणायाम से हुआ। तत्पश्चात सार्वदेशिक आर्यवीर दल हरियाणा के सह संचालकआचार्य संदीप आर्य ने हवन यज्ञ का आयोजन किया तथा उसके महत्व पर प्रकाश डाला। अपने वक्तव्य में आचार्य संदीप आर्य ने छात्राओं को बताया कि विद्यार्थी जीवन को सफल बनाने के लिए हमें गृह त्यागी, अल्प आहार, श्वान निद्रा, काक चेष्टा और बक की तरह ध्यान वाला बनना चाहिए। दोपहर के बौद्धिक सत्र में श्री रवींद्र आर्य प्रधान ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें सभी जीवों को समान समझना चाहिए और शाकाहारी बनना चाहिए। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुमिता सिंह ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से छात्राओं के जीवन मे सकारात्मकता एवं एक नई ऊर्जा का संचार होगा। इस अवसर पर जिला संचालिका, आर्य वीरांगना दल, सोनीपत श्रीमती पूनम भूटानी, श्री जगबीर सिंह दहिया, एवं प्रशिक्षिकाएं नर्मदा, रोहिणी व अनुष्का भी उपस्थित रही।

# छात्राओं को कराया प्राणायाम का अभ्यास



**गोहाना|** बीपीएस महिला विवि के कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में छात्राओं के लिए आयोजित पांच दिवसीय चरित्र निर्माण एवं वैदिक चेतना शिविर दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान छात्राओं को योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इसके बाद सार्वदेशिक आर्यवीर दल के सह संचालक आचार्य संदीप आर्य ने यज्ञ कराया और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन को सफल बनाने के लिए हमें गृह त्यागी, अल्प आहार, श्वान निद्रा, काक चेष्टा और बक की तरह ध्यान वाला बनना चाहिए। इसके बाद बौद्धिक सत्र में रविंद्र आर्य ने कहा कि हमें सभी जीवों को समान समझना चाहिए और शाकाहारी बनना चाहिए। इस मौके पर प्राचार्य सुमिता सिंह, पूनम भूटानी, जगबीर सिंह, नर्मदा, रोहिणी, अनुष्का आदि मौजूद रहे।

# छात्राओं ने किया प्राणायाम, लगाया ध्यान



विश्वविद्यालय में शिविर में ध्यान लगाकर बैठीं छात्राएं • सौ. प्रवक्ता

वि., गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के लिए आयोजित पांच दिवसीय चरित्र निर्माण एवं वैदिक चेतना शिविर में शनिवार को योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। छात्राओं ने ध्यान भी लगाया। सार्वदेशिक आर्यवीर दल हरियाणा के सह संचालक आचार्य संदीप आर्य ने यज्ञ किया और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। आर्य ने छात्राओं को बताया कि विद्यार्थी जीवन को सफल बनाने के लिए गृह त्यागी, अल्प आहार, श्वान निंद्रा, काक चेष्टा और बक की तरह ध्यान वाला बनना चाहिए। बौद्धिक सत्र में रवींद्र आर्य ने कहा कि हमें सभी जीवों को समान समझना चाहिए और शाकाहारी बनना चाहिए। प्राचार्य सुमिता सिंह ने कहा कि शिविर के माध्यम से छात्राओं के जीवन मे सकारात्मकता एवं नई ऊर्जा का संचार होगा।

# छात्राओं ने दूसरे दिन भी किया प्राणायाम

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के लिए आयोजित पांच दिवसीय चरित्र निर्माण एवं वैदिक चेतना शिविर के दूसरे दिन का प्रारम्भ योग एवं प्राणायाम से हुआ। तत्पश्चात सार्वदेशिक आर्यवीर दल हरियाणा के सह संचालक आचार्य संदीप आर्य ने यज्ञ किया और उसके महत्व पर प्रकाश डाला।

# निद्रा श्वान जैसी और चेष्टा काक जैसी हो : संदीप आर्य

गोहाना, 2 अगस्त (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल सी. सै. स्कूल में छात्राओं के लिए आयोजित 5 दिवसीय चरित्र निर्माण एवं वैदिक चेतना शिविर के दूसरे दिन का प्रारंभ शनिवार को योग एवं प्राणायाम से हुआ। हरियाणा सार्वदेशिक आर्यवीर दल के सह संचालक आचार्य संदीप आर्य ने हवन यज्ञ का आयोजन किया तथा उसके महत्व पर प्रकाश डाला।

आर्य ने कहा कि विद्यार्थी जीवन को सफल बनाने के लिए हमें गृह त्यागी, अल्प आहार, श्वान निद्रा, काक चेष्टा और बक की तरह ध्यान वाला बनना चाहिए। दोपहर के बौद्धिक सत्र में रविंद्र आर्य ने कहा कि हमें सभी जीवों को समान समझना चाहिए और शाकाहारी बनना चाहिए।

प्रिंसीपल सुमिता सिंह ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से छात्राओं के जीवन में सकारात्मकता एवं एक नई ऊर्जा का संचार होगा। इस अवसर पर आर्य वीरांगना दल की जिला संचालक पूनम भूटानी के साथ जगबीर दहिया, नर्मदा, रोहिणी, अनुष्का आदि उपस्थित रही।